लटिलि प्रेस्पा झील

स्रोत: द हिंदू

अल्बानियाई-ग्रीक सीमा पर स्थति **लटिलि प्रेस्पा झील धीरे-धीरे सूख रही** है।

- वर्तमान में यह झील **दलदली क्षेत्र में तब्दील हो चुकी है**, तथा इसका अधिकांश क्षेत्र अब **दलदल या सूखी भूमि में तब्दील हो चुका है।**
- **लटिलि प्रेस्पा झील को जलवायु परविर्तन** के कारण पर्यावरणीय खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें **बढ़ते तापमान, न्यून हिमपात, न्यून वर्षा** और वर्ष 1970 के दशक में सिंचाई के लिये **डेवोल नदी के प्रवाह को मोड़ना शामिल है,** जिससे पानी की महत्त्वपूर्ण हानि हुई है।

प्रेस्पा झील:

- प्रेस्पा झील यूरोप की **सबसे पुरानी विवर्तनिकी झीलों में से एक है।**
- यह **बाल्कन प्रायद्वीप** की **सबसे ऊँची विवर्तनिकी झील है,** जो 853 मीटर की ऊँचाई पर स्थति है।
  - **बाल्कन देश दक्षिण-पूर्वी यूरोप** में बाल्कन प्रायद्वीप पर स्थति देश हैं। इसमें अल्बानिया, बुल्गारिया, क्रोएशिया, ग्रीस, मॉल्डोवा, उत्तरी मैसेडोनिया, रोमानिया, सर्बिया, स्लोवेनिया, बॉस्निया और हर्ज़ेगोविना शामिल हैं
- यह दो झीलों से बना है।
  - **ग्रेट प्रेस्पा झील अल्बानिया, ग्रीस** और **उत्तरी मैसेडोनिया** की सीमा पर स्थति है, जबकि
  - **छोटी प्रेस्पा झील ग्रीस** में स्थति है।
- दो प्रेस्पा झीलें तीन अलग-अलग देशों में स्थति दो **राष्ट्रीय उद्यानों के बीच स्थति हैं।**
  - **प्रेस्पा राष्ट्रीय उद्यान** ग्रीस और अल्बानिया में है,
  - **गैलसिकि राष्ट्रीय उद्यान** मैसेडोनिया गणराज्य में है।
- गैलसिकि **पर्वत प्रेस्पा झील को ओहरिड झील** से अलग करते हैं, जो यूरोप की सबसे पुरानी और गहरी झीलों में से एक है।

और पढ़ें: भारत की महत्त्वपूर्ण झीलें विक्टोरिया झील

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/little-prespa-lake